सोमवार 21 अगस्त, 2023
# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज


नीतीश कुमार की सरकार लॉ एंड ऑर्डर में पूरी तरह फेल: गिरिराज 2



कार्यक्रम: पूर्व पीएम की जयंती पर बोलीं सोनिया गांधी


# महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध थे राजीव गांधी



**एजेंसी/नई दिल्ली**

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर रविवार को नई दिल्ली के जवाहर भवन में 25वें राजीव गांधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे समेत तमाम नेता मौजूद रहे। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा, पूर्व पीएम राजीव गांधी ने हमेशा हमारे देश में महिलाओं को मजबूत करने के लिए काम किया। उन्होंने सुनिश्चित किया कि महिलाओं के लिए पंचायतों और नगर निगमों में आरक्षण दिया जाए, आज अगर देखा जाए तो 15 लाख से ज्यादा निर्वाचित महिला प्रतिनिधि ग्रामीण इलाकों में हैं। यह राजीव गांधी की विजन के रहते हुआ है। सोनिया गांधी ने राजीव गांधी को याद करते हुए कहा राजीव गांधी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध थे। उन्होंने पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के एक-तिहाई आरक्षण के लिए संघर्ष किया था। 1989 के संसदीय चुनाव में ही पहली बार 18 साल के युवाओं को वोट का अधिकार दिया गया था, जिनमें आधी महिलाएं थीं। सोनिया गांधी ने कहा कि ऐसे समय में जब विभाजनकारी राजनीति मजबूत है, इस तरह के पुरस्कार की अहमियत बढ़ जाती है। कहा कि राजीव गांधी महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध थे।

**राजीव गांधी ने दंगा रोकने में नाकाम रहने पर आंध्र प्रदेश के सीएम का लिया था इस्तीफा:** कांग्रेस अध्यक्ष कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस दौरान राजीव गांधी को याद किया और कहा, आज विभिन्न विचारधाराओं के कई लोग राजीव गांधी की उपलब्धियों को बदनाम करने की कोशिश करते हैं। राजीव गांधी की सफलता को ज्यादा समय तक छुपाया नहीं जा सकता। 1984 में राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस को लोकसभा में 401 सीटों का सर्वोच्च बहुमत मिला था। राजीव गांधी ने हमेशा समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए काम किया। खड़गे ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि राजीव गांधी ने दंगों को रोकने में नाकाम रहने पर आंध्र प्रदेश के सीएम का इस्तीफा लिया था। खरगे ने मणिपुर का जिक्र कर कहा कि आज न तो कोई इस्तीफा देता है, न कोई निकालता है।



### 79वीं जयंती पर अर्पित की गई श्रद्धांजलि

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 79वीं जयंती के अवसर पर रविवार को दिल्ली में वीरभूमि पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी समेत कई नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। राजीव गांधी भारत के सबसे पहले युवा प्रधानमंत्री भी थे, जिनकी 21 मई, 1991 को तमिलनाडु में निर्मम हत्या कर दी गई थी। प्रधानमंत्री के तौर पर राजीव गांधी को काफी पसंद किया जाता था।

# खुलासा... गृह मंत्रालय, रेलवे और बैंक अधिकारी सबसे ज्यादा भ्रष्ट

- केंद्रीय सतर्कता आयोग ने जारी की वार्षिक रिपोर्ट
- पिछले साल केंद्र सरकार के सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कुल 1,15,203 शिकायतें मिलीं

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्रीय सतर्कता आयोग की हाल ही में जारी वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल भ्रष्टाचार की सबसे ज्यादा शिकायतें केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारियों के खिलाफ आई हैं। इसके बाद रेलवे और बैंक अधिकारियों के खिलाफ शिकायतें मिली हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल केंद्र सरकार के सभी विभागों के



अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कुल 1,15,203 शिकायतें मिलीं। इनमें से 85,437 शिकायतों का निपटान किया जा चुका है, जबकि बाकी 29,766 शिकायतें लंबित हैं. इनमें से 22,034 शिकायतें ऐसी हैं जो तीन महीने से ज्यादा समय तक लंबित रहीं।

### सबसे ज्यादा शिकायतें गृह मंत्रालय के खिलाफ

एक अधिकारी ने कहा कि सीवीसी ने शिकायतों की जांच करने के लिए चीफ विजिलेंस ऑफिसर को तीन महीने की समय-सीमा दी है। रिपोर्ट के अनुसार, जहां गृह मंत्रालय को उसके अधिकारियों के खिलाफ 46,643 शिकायतें मिलीं, वहीं, रेलवे को 10,580 शिकायतें और बैंकों को 8,129 शिकायतें मिलीं। रिपोर्ट में कहा गया कि गृह मंत्रालय के कर्मियों के खिलाफ कुल शिकायतों में से 23,919 का निपटान कर दिया गया और 22,724 शिकायतें लंबित रहीं, जिनमें से 19,198 शिकायतें तीन महीने से ज्यादा समय तक लंबित रहीं।

**रेलवे अधिकारियों के खिलाफ शिकायतें:** रिपोर्ट के अनुसार, रेलवे ने 9,663 शिकायतों का निपटारा कर दिया है, जबकि 917 शिकायतें लंबित हैं. वहीं, बैंकों ने भ्रष्टाचार की 7,762 शिकायतों का निपटारा किया. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के कर्मियों के खिलाफ 7,370 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 6,804 शिकायतों का निपटान हो गया।

**इन मंत्रालयों में हुआ भ्रष्टाचार:** रिपोर्ट के अनुसार, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (केंद्रीय लोक निर्माण विभाग समेत), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी), दिल्ली शहरी कला आयोग, हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड, आवास और शहरी विकास निगम लिमिटेड, एनबीसीसी और एनसीआर योजना बोर्ड के कर्मियों के खिलाफ 4,710 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 3,889 शिकायतों का निपटान हो चुका है।

# कांग्रेस की वर्किंग कमेटी का ऐलान सचिन पायलट, कन्हैया को जगह

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कांग्रेस ने अपनी वर्किंग कमेटी का एलान कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस वर्किंग कमेटी का गठन किया है, जिसमें खरगे के अलावा सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह, राहुल गांधी, अधीर रंजन चौधरी, एके एंटनी, अंबिका सोनी, मीरा कुमार, दिग्विजय सिंह, पी चिदंबरम जैसे वरिष्ठ नेताओं को जगह दी गई है। वर्किंग कमेटी में तारिक अनवर, मुकुल वासनिक के अलावा जी-23 गुट के आनंद शर्मा, शशि थरूर और मनीष तिवारी को भी जगह दी गई है। इनके अलावा अजय माकन, अशोकराव चव्हाण, प्रियंका गांधी, कुमारी शैलजा, ताम्रध्वज साहू, अभिषेक मनु सिंघवी, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, जितेंद्र सिंह, रणदीप सुरजेवाला, सचिन पायलट को भी जगह दी गई है।

स्थायी आमंत्रित सदस्यों में वीरप्पा मोइली, हरीश रावत, पवन कुमार बंसल, मोहन प्रकाश, रमेश चेनिन्नथाला, बीके हरिप्रसाद, प्रतिभा सिंह, मनीष तिवारी, दीपेंद्र हुड्डा, के राजू, मीनाक्षी नटराजन, सुदीप रॉय बर्मन समेत कई अन्य नेताओं को शामिल किया गया है। विशेष आमंत्रित सदस्यों में पल्लम राजू, पवन खेड़ा, गणेश गोदियाल, यशोमति ठाकुर, सुप्रिया श्रीनेत, परिणिति शिंदे, अलका लांबा आदि सदस्यों का नाम शामिल है।


### कार्यसमिति में युवाओं व अनुभव का मिश्रण

कांग्रेस द्वारा घोषित की गई कार्यसमिति में युवाओं और अनुभव का मिश्रण दिख रहा है। जहां पार्टी ने अनुभवी नेताओं को कार्य समिति में जगह दी है, वहीं कई युवा नेताओं को भी इसमें शामिल किया गया है। जिन युवा नेताओं को कार्यसमिति में शामिल किया गया है, उनमें सचिन पायलट, गौरव गोगोई, सुप्रिया श्रीनेत, कन्हैया कुमार, दीपेंद्र हुड्डा, मीनाक्षी नटराजन, परनीती शिंदे, सचिन राव, अलका लांबा, वामसी रेड्डी जैसे नेताओं का नाम शामिल है।

# रूस का महत्वाकांक्षी मून मिशन लूना-25 फेल

**एजेंसी/मॉस्को**

रूस का महत्वकांक्षी मून मिशन लूना-25 फेल हो गया है। रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस ने रविवार को बताया कि लूना-25 अंतरिक्ष यान इच्छित कक्षा की बजाय अनियंत्रित कक्षा में चले जाने के बाद चंद्रमा से टकराकर नष्ट हो गया. आपको बता दें कि चांद पर सुरक्षित लैडिंग को लेकर लूना-25 का मुकाबला भारत के चंद्रयान-3 से था। रूसी अंतरिक्ष यान को भी चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करना था, लेकिन वह मिशन असफल रहा। यह 47 वर्षों के बाद रूस का पहला मून मिशन था। रोस्कोस्मोस द्वारा लूना-25 को चंद्रमा पर लैंडिंग से ठीक पहले वाले ऑर्बिट में स्थानांतरित करते समय आपातकालीन स्थिति का सामना करने की सूचना दिए जाने के एक दिन बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। रोस्कोस्मोस के मुताबिक, लूना-25 को 21 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरना था। रूसी स्पेस एजेंसी ने पहले कहा था कि मिशन को एक असामान्य स्थिति का सामना करना पड़ा है, जब लूना-25 इच्छित ऑर्बिट की बजाय दूसरे पथ पर चला गया था और रॉस्कोस्मोस के नियंत्रण से बाहर हो गया था।



**महज 11 दिन में ही चांद पर लैंड करने वाला था लूना-25:** वर्ष 1976 में सोवियत युग के लूना-24 मिशन के बाद लगभग पांच दशकों में पहली बार, 10 अगस्त को लूना-25 अंतरिक्ष में भेजा गया। इसने चांद के लिए ज्यादा सीधे रास्ते को अपनाया था और अनुमान था कि यह लगभग 11 दिन में 21 अगस्त तक लैंडिंग की कोशिश करेगा। लूना-25 की इस तेज यात्रा का श्रेय मिशन में इस्तेमाल यान के हल्के डिजाइन और कुशल ईंधन भंडारण को दिया गया, जो इसे अपने गंतव्य तक छोटा रास्ता तय करने में सक्षम बनाता है।

### भारत का चंद्रयान-3 चांद के बेहद करीब

भारत का चंद्रयान-3 चांद के बहुत करीब पहुंच चुका है। इसरो ने बताया कि चंद्रयान-3 मिशन के लैंडर मॉड्यूल के 23 अगस्त को शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा की सतह पर उतरने की उम्मीद है। इसका कई मंचों पर सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। इसरो ने रविवार को कहा कि यह उपलब्धि भारतीय विज्ञान, इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी और उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगी, जो अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत की प्रगति का प्रतीक होगी।



विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स, हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मै मकराय नमः शिवाय।।



सावन महीने के पावन अवसर पर सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल

लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर, बक्सर

मोबाईल नम्बर - 9122950441



मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा, शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा।

## बिहार में हत्याओं से कानून व्यवस्था पर उठे सवाल

# बेगूसराय में शिक्षक, पूर्वी चंपारण में ठेकेदार की हत्या

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार में एक के बाद एक हत्याओं से कानून व्यवस्था सवाल खड़े होने लगे हैं। शनिवार को बेगूसराय में बेखौफ बदमाशों ने एक रिटायर शिक्षक की मॉर्निंग वॉक के दौरान गोली मारकर बीच सड़क पर हत्या कर दी। घटना बछवारा थाना क्षेत्र के फतेहा पंचायत के फतेहा रेलवे स्टेशन के समीप की है। वहीं दूसरी वारदात पूर्वी चंपारण में हुई जहां बाइक सवाल बदमाशों ने एक ठेकेदार को गोली मारकर हत्या कर दी। घटना चकिया थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर घटित हुई। ये सनसनीखेज वारदातें ऐसे वक्त में हुई है जब दो दिन पहले ही अररिया में बदमाशों ने एक पत्रकार विमल यादव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसे लेकर नीतीश कुमार सरकार विपक्ष के निशाने पर आ गई। अब मोतिहारी और बेगूसराय की घटना ने लॉ एंड ऑर्डर पर सवाल खड़े कर दिए।


**मॉर्निंग वॉक पर बदमाशों ने रिटायर शिक्षक को मारी गोली:** बेगूसराय में शनिवार सुबह रिटायर शिक्षक की हत्या को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासा सामने आ रहे। बछवारा थाना इलाके में हुई इस वारदात को लेकर बताया जा रहा कि आपसी रंजिश में उनका मर्डर किया गया। बाइक सवार अपराधियों ने फतेहा गांव निवासी 70 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षक जवाहर राय की गोली मारकर हत्या कर दी। इससे पहले फरवरी 2021 में मृतक जवाहर राय के बेटे की भी हत्या की गई थी। जिसमें मृतक चश्मदीद गवाह थे। हत्या के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

**दो साल पहले बेटे का अब पिता का भी मर्डर:** ग्रामीणों ने बताया कि मृतक जवाहर राय प्रतिदिन सुबह में टहलने के लिए गांव से फतेहा रेलवे स्टेशन की तरफ निकलते थे। आज भी जब वो वहां पहुंचे तो बाइक सवार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। ग्रामीणों ने बताया कि तीन नकाबपोश अपराधियों ने रिटायर्ट शिक्षक को गोली मार दी। जिससे घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। जांच अधिकारी उदय प्रसाद ने कहा कि जमीन विवाद को लेकर हत्या की बात सामने आ रही है फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

**पूर्वी चंपारण में ठेकेदार को मारी दो गोली:** उधर, पूर्वी चंपारण में बेखौफ अपराधियों ने एक ठेकेदार को गोली मारकर हत्या कर दिया है। घटना चकिया थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर घटित हुई है। घटना के बाद बेखौफ अपराधी ने हथियार लहराते मुजफ्फरपुर की ओर भाग निकले हैं। घटना सुबह 8 बजे हुई। वारदात के बाद इलाके में अफरा तफरी मच गई। अपराधियों ने ठेकेदार को दो गोली सीने में मारी है। जिसके बाद आनन-फानन में लोगों ने ठेकेदार राजीव कुमार को मोतिहारी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पहुंचते हैं डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# नीतीश कुमार की सरकार लॉ एंड ऑर्डर में पूरी तरह फेल: गिरिराज

**केटी न्यूज/पटना**




बिहार में अपराध को लेकर बीजेपी लगातार नीतीश सरकार को घेर रही है। इस मुद्दे पर बीजेपी जमकर महागठबंधन सरकार पर निशाना साध रही है। वहीं, रविवार को केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने इस मुद्दे पर नीतीश सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार की सरकार लॉ एंड ऑर्डर में पूरी तरह से फेल है। महागठबंधन के नेता कहते हैं कि बीजेपी बदनाम कर रही है। क्राइम रिपोर्ट दिखाते हैं। कई जगह लगातार आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। इसका नीतीश सरकार जवाब दे।

**नीतीश सरकार को शर्म आनी चाहिए-गिरिराज सिंह:** गिरिराज सिंह ने कहा कि कुछ दिन पहले दानापुर में बालू माफिया के द्वारा एके 47 से गोलीबारी की गई. इस घटना में एक की मौत हो गई। इस तरह की घटना आज गया में हुई है. जहानाबाद में सरकारी अधिकारियों पर बदमाशों ने पिस्तौल तान दी। पत्रकारों की हत्या हुई और दारोगा की हत्या हुई। यह बीजेपी बोल रही है? नीतीश सरकार को शर्म आनी चाहिए।

## इस साल 18 मुखिया की हत्या हुई: प्रशांत किशोर



**समस्तीपुर।** जन सुराज के सूत्रधार और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर समस्तीपुर में अपनी पदयात्रा कर रहे हैं. इस दौरान रविवार को बिहार में अपराध को लेकर नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में कुछ और चर्चा हो न हो, लेकिन लॉ एंड ऑर्डर की चर्चा जरूर होती है। मैंने जब पदयात्रा शुरू की थी तब महागठबंधन की सरकार बनी थी। बिहार में उस समय लोग दबी जुबान से आशंका जाहिर कर रहे थे कि महागठबंधन की सरकार बनी है, तो शायद लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ जाए। इसको लेकर लोगों के अंदर डर भी था। प्रशांत किशोर ने रविवार को पूसा में जन संवाद के दौरान कहा कि बिहार में पिछले छह महीने में जो लोगों के अंदर डर था। इस महागठबंधन की सरकार को लेकर वो कहीं न कहीं चरितार्थ और उससे भी बदतर होते दिख रहा है। पिछले कुछ दिनों पहले ही समस्तीपुर में दारोगा की हत्या हो गई थी, ये उसका उदाहरण है। हाल ही में जब हम लोगों ने जोड़ा था तो पता चला कि इस साल 18 मुखिया की हत्या हुई है और करीब करीब 7 चुने गए सरपंच मारे गए हैं। मारपीट डकैती, अपहरण जैसी आपराधिक घटनाओं का तो हिसाब ही नहीं है।




# एमएलसी हरि सहनी बने बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार विधान परिषद में अब नेता प्रतिपक्ष के रूप में हरि सहनी नजर आएंगे। बीजेपी एमएलसी हरि सहनी को यह नई जिम्मेदारी दी गई है। रविवार को बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने इस बड़े बदलाव की जानकारी दी। इस दौरान बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा, नित्यानंद राय समेत बीजेपी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

नया पद मिलते ही हरि सहनी ने नीतीश सरकार की बखिया उधेड़ दी। बिहार में बढ़ते अपराध को देखते हुए हरि सहनी ने महागठबंधन सरकार पर हमला करते हुए कहा कि अब तक फिल्मों में हम लोग देखते थे कि कोई गवाही देने जा रहा है और रास्ते से उसे गायब कर दिया गया। यह बड़ा ही शर्मनाक है। इस पर सरकार को जितना संज्ञान लेना चाहिए वह नहीं ले रही है। फिल्म का जो सार होता है वो जनता तय करती है कि फिल्म कैसी है। बिहार सरकार जिस तरह से अभी बिहार चला रही है, अपनी गठबंधन को बचा रही है, चाचा-भतीजा रिश्ता बनाने में मशगूल हैं, बिहार की जनता की दुर्दशा क्या है इस पर जरा सा भी ध्यान नहीं है। जनता दर्द में जी रही है। चुनाव में जनता परिणाम दिखाएगी।

सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी देशवासियों व कांवरियों को एमआर टीसीएल कंस्ट्रक्शन की तरफ से हार्दिक बधाई



AMRTCL CONSTRUCTIONS
Your Trust & Our Services
A Revolutionary Initiative

- LLP Registration-MCA AAO-7219
- PAN-ABOFA5577F
- Professional Tax-192129691494
- GSTN-19ABOFA5577FIZZ
- MSME-UDYAM-WB-18-0011126

Towrds STARTUP
IN the feild of Environment-Agriculture - Power Projects With vision and ultimate aim to Create opportunity for unemployed youths

Moments and Accolades



Registered Address : 43, Adiganga Road, Kolkata, West Bengal-700070. | Email-amrtc19@gmail.com | Mobile No-+91 9836059400

## खबरें फटाफट

### विवाद में दो भाइयों की पिटाई, पांच लोगों पर केस दर्ज

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर गांव में दो भाइयों की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पुराना भोजपुर गांव निवासी मोहम्मद आसिफ ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर एक नामजद सहित चार अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गयी है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि वह अपने घर जा रहा था। घर के समीप पहुंचा तो गांव के ही करन कुमार सहित चार अज्ञात युवक ने घेरकर लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। जब शोरगुल सुनकर छोटा भाई बचाने आया तो उसके साथ भी मारपीट की गयी, जिससे हम दोनों भाई जख्मी हो गये। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

### रेलवे स्टेशन के बाहर खड़ी बाइक चोरी, मामला दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के डुमरांव रेलवे स्टेशन के बाहर सड़क किनारे खड़ी एक बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर लिया। बाइक स्प्लेंडर प्रो जिसका नंबर बीआर 44 बी 5018 बताया जाता है। इस मामले में पीड़ित स्टेशन रोड निवासी उत्कर्ष भगत ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। बताया जाता है कि पीड़ित अपने मित्र को ट्रेन में छोड़ने बाइक से रेलवे स्टेशन गया था। रेलवे स्टेशन के बाहर सड़क किनारे बाइक को खड़ा कर प्लेटफार्म पर चला गया। जब उधर से लौटा तो बाइक नदारद थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कोई सुराग नहीं मिला तो डुमरांव थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया।

### दलसागर स्थित टोल प्लाजा की घटना, मेडिकल जांच में हुई शराब पीने की पुष्टि

# नशे में धुत टोल कर्मियों ने ट्रक चालकों की पिटाई कर लूट लिये नगदी, तीन गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बक्सर**

हाल के दिनों में लूट की घटनाओं से परेशान बक्सर पुलिस के सामने अब नई चुनौती खड़ी हो गई है। लुटेरों की फेहरिश्त में अब एनएचएआई के टोल प्लाजा कर्मी भी शामिल हो गए हैं। ट्रक चालकों की शिकायत पर औद्योगिक थाने की पुलिस ने एनएच 922 दलसागर और भैसहा के बीच स्थित टोल प्लाजा के तीन कर्मियों को गिरफ्तार किया है। तीनों के शराब पीने की पुष्टि होने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है। जबकि ट्रक चालकों ने टोल प्लाजा के कर्मियों पर शराब के नशे में धूत हो जबरन पैसा वसूलने, विरोध करने पर बंधक बना मारपीट करने व सोने के आभूषण तथा नगदी लूटने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए हैं। सुबह में दर्जनों की संख्या में ट्रांसपोर्टर व ट्रक चालक औद्योगिक थाना पहुंचे थे। हालांकि तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद उनका आक्रोश शांत हुआ। वहीं एफआईआर दर्ज होने के बाद अन्य कर्मियों के गिरफ्तारी की संभावना भी बनी हुई है। बहरहाल टोल प्लाजा कर्मियों द्वारा शराब का सेवन करने तथा ट्रक चालकों के साथ मारपीट व लूट पाट की घटना के बाद कई सवाल खड़े होने लगे है।



### पीड़ित ने बयां की घटना

पीड़ित ट्रक चालक बक्सर सोहनी पट्टी के विशाल मिश्र ने बताया कि वे अपने ट्रक पर बिहटा से सामान लाद यूपी जा रहे थे। उनके साथ कई अन्य ट्रक चालक भी थे। सुबह करीब 3 बजे मैं दलसागर टोल प्लाजा पर पहुंचा। मेरे ट्रक के आगे 8-10 ट्रक खड़ी थी। मेरे ट्रक का फास्ट टैग रिचार्ज खत्म हो गया था। इतनें में टोला प्लाजा कर्मी अजय सिंह व प्रदीप सिंह के साथ 7-8 अज्ञात लोग आए। मैने उन्हें 500 रूपए दिए। लेकिन वे लोग अलग से 2 हजार रूपए देने की मांग करने लगे। सभी शराब के नशे में थे। मैं उन्हें अधिक पैसा देने से मना किया और बताया कि मेरी गाड़ी ओवर लोड नहीं है। मैने उन्हें ट्रक का वनज कराने को भी कहा। इतने में वे लोग मुझे ट्रक से उतार टोल प्लाज के केबिन में ले गए तथा मेरे साथ मारपीट करने के साथ ही गले से दो भर का सोने का चेन जिसकी कीमत 1.2 लाख रूपए है तथा 5 हजार नगद रूपए भी लूट लिए। कुछ ऐसा ही आरोप यूपी के बलिया जिला के भरौली के रहने वाले आरके ट्रांसपोर्ट के मालिक कुणाल राय ने लगाई है। वही कई अन्य ट्रक चालकों ने भी मारपीट करने का आरोप लगाया।

### घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने तीन को पकड़ा

ट्रक चालकों की शिकायत पर तत्काल पहुंची औद्योगिक थाने की पुलिस ने मौके से तीन कर्मियों को पकड़ लिया। उनके मुंह से शराब जैसी दुर्गंध आ रही थी। बाद में जब उनका मेडिकल जांच करवाया गया तो उनके शराब पीने की पुष्टि हुई। जिसके बाद पुलिस द्वारा उन्हें ट्रक चालकों के साथ मारपीट व लूटपाट के साथ ही उत्पाद अधिनियम की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया।

### क्या कहते हैं थानाध्यक्ष

ट्रक चालकों की शिकायत पर घटना स्थल पर जाकर मामले की जांच की गई। तीन टोल कर्मियों को हिरासत में लिया गया। उनके शराब पीने की पुष्टि होने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। **- मुकेश कुमार, थानाध्यक्ष, औद्योगिक थाना, बक्सर**

## पति के साथ मायके आई विवाहिता के साथ भरे बाजार छेड़खानी, विरोध में मारपीट और हवाई फायरिंग

**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**

शनिवार की शाम कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के टुड़ीगंज बाजार में अपने पति के साथ बाजार करने आई एक विवाहिता के साथ भरे बाजार में दबंगो ने पहले छेड़खानी किया और विरोध करने पर दंपति की पिटाई की गई। यही नहीं घटना की सूचना पर पहुंचे पीड़िता के दो भाईयों को भी बंधक बना पीटा गया तथा दहशत मचाने के लिए कई राउंड हवाई फायरिंग की गई। संयोग से किसी ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों भाईयों को उनके चंगुल से छुड़ाया तथा एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता ने इस मामले में कुल छह लोगों को नामजद किया है। पुलिस ने मौके से 12 बोर के बंदूक का एक खोखा तथा बंदूक के कुछ टूटे पार्ट्स भी बरामद किए है। मिली जानकारी के अनुसार कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के एक युवती की शादी शाहपुर थाना क्षेत्र में हुई थी। वह अपने पति के साथ मायके आई थी तथा शनिवार की शाम कुछ जरूरी सामानों की खरीददारी करने पति के साथ ही टुड़ीगंज बाजार गई। बाजार में स्थानीय गांव के दबंगो ने उसके साथ छेड़खानी शुरू कर दी। जिसका विरोध दंपति द्वारा किया गया। पीड़िता ने फोन कर अपने भाईयों को भी इसकी जानकारी दी। इधर दबंग न सिर्फ छेड़खानी कर रहे थे बल्कि मारपीट पर उतारू हो गए। इधर पीड़िता के भाई भी मौके पर पहुंच गए। आरोपी दोनों को एक घर में बंद कर मार पीट रहे थे। इसी दौरान पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने अरक के विकेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि पीड़िता ने विकेश के साथ ही टुड़ीगंज के शमशेर सिंह, माना सिंह, सूरज सिंह, उतम सिंह तथा रोहित सिंह पर छेड़खानी करने, विरोध करने पर मारपीट करने तथा जान मारने की नियत से फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए नामजद एफआईआर दर्ज कराया है।

## राजीव गांधी की जयंती पर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**केटी न्यूज/बक्सर**

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री स्व. पंडित जगनारायण त्रिवेदी की जयंती पर एनएसयूआइ के नेशनल कोडिनेटर सह प्रतिनिधि बिहार कांग्रेस कमिटी के प्रतिनिधी प्रशांत ओझा की अगुवाई में रक्तदान किया गया। रक्तदान के बाद प्रशांत ओझा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जिस आधुनिक और वैज्ञानिक सोच वाले भारत के सपने को लेकर आगे बढ़े थे उस पर मौजूदा केंद्र सरकार द्वारा कुठाराघात किया जा रहा है। अब राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेसजन उसी सपने को आगे ले जाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। स्व. राजीव गांधी आधुनिक भारत के वास्तुकार थे। जिन्होंने भारत को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किया, उनकी दूरदर्शिता का फायदा देश आज भी उठा रहा है। उनकी दूरदर्शिता ने ही भारत को मजबूत, आधुनिक राष्ट्रों की श्रेणी में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि उन महान विभूतियों के सपनों को साकार करने के लिए रक्त का बूंद बूंद भी न्योछावर करना हो तो वह भी करने को हम सभी तैयार हैं। उनकी जन्मतिथि पर हम लोगों ने रक्त दान करने का कार्य किया।

## एक नजर

### ननिहाल आई आठ वर्षीय बच्ची की छेरा नदी में डूबने से मौत, पसरा मातम



**नावानगर।** रविवार को सोनवर्षा ओपी थाना क्षेत्र के बाली गांव के पास छेरा नदी में डूबने से एक 8 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। बच्ची अभी कुछ दिन पहले ही अपनी मां के साथ अपने ननिहाल बाली गांव आई थी। सुबह में उसकी मां कपड़ा धोने छेरा नदी में गई थी। पीछे-पीछे वह भी नदी के किनारे पहुंच गई। इधर मां कपड़ा धो रही थी उधर वह खेलते खेलते गहरे पानी में चली गई और डूब गई। उसके डूबने की भनक तक उसकी मां को नहीं लगी। वह सोंची कि बच्ची घर चली गई है। लेकिन कपड़ा धोने के बाद जब वह घर लौटी तो पता चला कि उसकी बेटी नहीं आई है। तब ग्रामीण गोताखोरों ने उसकी तलाश नदी में की। लेकिन कुछ पता नहीं चला। तीन चार घंटों के बाद उसका शव नदी में उतराया मिला। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका की पहचान भोजपुर जिले के आरा के समीप के छोटकी सासाराम के धनजी पासवान की पुत्री नंदनी कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह अपनी मां सुनीता देवी के साथ कुछ दिन पहले ही ननिहाल आई थी। लेकिन रविवार को वह छेरा नदी में डूब गई। इस घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया है।

### भाकपा की बैठक में 2 नवंबर को होने वाली रैली की सफलता पर चर्चा



**केसठ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी दो नवंबर को पटना के गांधी मैदान में भाजपा हटाओ, देश बचाओ रैली करेगी। इससे पहले पार्टी 12, 13 और 14 सितंबर को प्रखंड मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेगी। इस रैली को सफल बनाने के लिए रविवार को भाकपा के केसठ व नावानगर अंचल कमिटी की बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता जितेन्द्र सिंह व संचालन धर्मेन्द्र सिंह ने किया। बैठक में जन संघर्ष को तेज करने का आह्वान किया गया। बैठक में 2 नवम्बर 2023 को गांधी मैदान, पटना में आयोजित होने वाली भाजपा हटाओ, देश बचाओ रैली की तैयारी को लेकर कार्य योजना बनाई गई। रैली में तीन लाख लोगों को उतारने का संकल्प लिया गया। रैली की तैयारी को लेकर सितंबर महीने में पार्टी के शाखा और अंचल सम्मेलन आयोजित किये जायेंगे। बैठक में बिहार को सुखाग्रस्त राज्य घोषित करते हुए किसानों को मुआवजा देने, भूमिहीनों को पांच डिसिमिल भूमि दिलाने तथा गरीबों को उजाड़ने की कार्रवाई बंद करने की मांग भी किया गया। बैठक में पूर्व विधायक रामश्रय सिंह, जिला मंत्री बालक दास, लाल साहेब सिंह, अंचल सचिव बिरेन्द्र सिंह शिवजी सिंह एआईवाईएफ के पूर्व सचिव धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य शामिल रहे।



# परेशानी... कीचड़ सने रास्ते से त्रस्त हैं टेक्सटाइल कॉलोनीवासी



**केटी न्यूज/डुमरांव**

शहरी क्षेत्र में गली-नली का विकास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महत्वाकांक्षी योजना सात निश्चय में शामिल किया गया है। सरकार के निदेर्शानुसार सभी गली-नली का पक्कीकरण करना है। जलजमाव से निजात के लिए सरकार ने इसे प्राथमिकता में रखा है। लेकिन शहर का वार्ड 18 में सरकार के इस निर्देश का अनुपालन नहीं हो पाया है। वार्ड संख्या 18 के टेक्सटाइल कॉलोनी में एक भी नाली का पक्कीकरण नहीं हुआ है, जिसके चलते सैकड़ों घरों का गंदा पानी सड़क पर गिर रहा है। कई घरों से शौचालय का पानी भी सड़क पर गिराया जाता है जबकि, इसी रास्ते से होकर लोगों को अपने घरों को आना-जाना होता है। इस कॉलोनी में व्याप्त मुसीबतों के आगे शहर में जोर-शोर से चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान की हवा निकल रही है। नगर परिषद द्वारा कई वार्डों को पक्की गली-नाली निर्माण कर मुख्यमंत्री शहरी गली-नाली योजना के तहत पूर्ण घोषित करने का दावा कर रहे है लेकिन नप के विकास के दावे, सफाई और स्वच्छता अभियान इस वार्ड में बेमानी साबित हो रहा है। मोहल्ले के रविन्द्र ओझा, दिनेश दूबे आदि ने बताया कि जलजमाव के कारण टेक्सटाइल्स कॉलोनी का माहौल नारकीय बना रहता है। मच्छरों के प्रभाव में बेतहाशा वृद्धि होने से लोगों में संक्रमित बीमारियों का खतरा सताता रहता है। छोटू सिंह, पिंटू कुमार, राजीव रंजन सिंह आदि की मानें तो बरसात में कॉलोनी के पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से पूरा मोहल्ला जलमग्न रहता है। नाली-गली की व्यवस्था के चलते गंदे जमाव से निजात दिलाने के प्रति किसी को सुध नहीं है।

**पानी निकासी का नही है कोई प्रबंधः** शहर की सबसे बड़ी कॉलोनी के रूप में विकसित वार्ड संख्या 18 के टेक्सटाइल कॉलोनी में हजारों की आबादी निवास करती है। ऐसे में स्वाभाविक है कि सैकड़ो घरों से पानी गिरता है। कॉलोनी का पानी निकास पहले रेलवे लाइन के उत्तर की तरफ होता था, लेकिन वह इलाका अतिक्रमित हो गया है। जिसके चलते कॉलोनी के पानी का निकास पूर्णतः अवरुद्ध हो गया है। अब इतनी बड़ी आबादी तथा बरसाती पानी निकासी कैसे होगी। यह सवाल यहां रहने वालों के लिए यक्ष प्रश्न बना हुआ है।

**क्या कहती हैं वार्ड पार्षदः** पानी निकासी की समस्या टेक्सटाइल कॉलोनी के लिए गंभीर परेशानी है। इसके निदान के लिए कारगर उपाय जारी है। नप बोर्ड की बैठक में इसे मजबूती से उठाया गया था। कॉलोनी से पानी बाहर कैसे निकलेगा इसका उपाय भी किया जाएगा। - **अनु कुमारी, वार्ड पार्षद, वार्ड नंबर 18**




## केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने मूर्ति स्थापना के विशेषज्ञों के साथ की बैठक

# भगवान श्रीराम के प्रस्तावित विशाल मूर्ति के मॉडल का किया गया डिस्प्ले

**केटी न्यूज/बक्सर**



केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे के संयोजन में नवंबर 2022 में आयोजित सनातन संस्कृति समागम में घोषित भगवान श्रीराम की दुनिया की सबसे बड़ी मूर्ति को लेकर सर्किट हाउस में जिला प्रशासन, श्रीराम कर्मभूमि न्यास एवं मूर्ति स्थापना के विशेषज्ञों के साथ मैराथन बैठक हुई। इस बैठक में महाराष्ट्र के रहने वाले प्रसिद्ध मूर्तिकार अनिल राम सुतार ने भगवान श्रीराम के विशाल मूर्ति के मॉडल का डिस्प्ले किया। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले बक्सर के प्रमुख धार्मिक स्थान का ड्रोन के माध्यम से जियो लॉजिकल मैपिंग सर्वे किया गया था। इसका पूरा प्रेजेंटेशन बैठक में प्रस्तुत किया गया। वही तेलंगाना से आए जियोलॉजिकल मैपिंग विशेषज्ञ जे एस रेड्डी ने अपनी रिपोर्ट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत की।

उन्होंने बताया कि रामरेखा घाट के आसपास पर्यटन की दृष्टिकोण से काफी संभावनाएं हैं। भगवान श्रीराम की प्रारंभिक स्वरूप में मूर्ति रामरेखा घाट के आस-पास लग सके, इसे प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। सभी विशेषज्ञों, जिला प्रशासन के साथ केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने रामरेखा घाट के आसपास के क्षेत्र का अवलोकन किया तथा कई सुझाव दिए। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने बताया कि सनातन संस्कृति समागम में जो घोषणा की गई थी उसके अनुसार लगातार कार्य किया जा रहा है। इस कड़ी में आज सभी पक्षों की बैठक हुई है। इसमें भगवान श्री राम के पराक्रमी मूर्ति के मॉडल का डिस्प्ले भी किया गया है। जिसके साथ साथ अन्य संभावनाओं पर भी चर्चा हुई है। साथ साथ बक्सर गंगा किनारे के घाटों के सुंदरीकरण के साथ, एक बेहतर कॉरिडोर का निर्माण हो सके। जिससे रोजगार के साथ-साथ धार्मिक, आध्यात्मिक एवं पर्यटन के दृष्टिकोण से यह पूरा इलाका विकसित हो सके।

बैठक में समीर सुतार, जी एस रेड्डी, जियो लॉजिकल मैपिंग, रंजीत, शिवकुमार मूर्तिकार, श्रीराम कर्मभूमि न्यास के अध्यक्ष कृष्णकांत ओझा, रामबालक, अर्जित शाश्वत, धनंजय चौबे, प्रदीप राय, अरुण मिश्रा, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अनिल स्वामी, भोला सिंह डीडीसी, एसडीएम व जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## हर हाथ को हुनरमंद बनाना है प्रधानमंत्री का लक्ष्यः अश्विनी चौबे

**बक्सर।** रविवार को एमपी उच्च विद्यालय परिसर में सांसद रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय सांसद सह केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी चौबे के हाथों 30 चयनित प्रतिभागियों को ऑफर लेटर दिया गया। यह रोजगार मेला कुएस्स कंपनी के माध्यम से लगाया गया था। जो चयनित प्रतिभागियों को एमेजन, टाटा मोटर्स, डेक्सिन जैसी कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराएगा। केंद्रीय राज्यमंत्री सह स्थानीय सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व कुशल नेतृत्व में भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। सरकारी व निजी क्षेत्र में मौके तेजी से बढ़े हैं। साथ ही प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में शुरू की गई कौशल विकास की योजनाएं आज मील का पत्थर साबित हो रही है। केंद्र सरकार हर हाथ को हुनरमंद बना रही है। मेले में चयनित उम्मीदवारों को नोएडा, चेन्नई, पटना, नई दिल्ली आदि जगहों पर काम करने का ऑफर मिला। 12 सौ से अधिक युवाओं ने ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन कराया था। योग्यता के आधार पर 8 सौ को शार्ट लिस्ट किया गया। दोपहर तक चयनित 30 युवाओं को केंद्रीय राज्यमंत्री श्री चौबे ने ऑफर लेटर दिया।






## वाहन चेकिंग में पांच लोग धराए, हथियार भी बरामद

# हथियार के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के नारायणपुर थाने की पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए एक बड़ी आपराधिक वारदात को टाल दिया। वारदात को अंजाम देने से पहले ही पुलिस ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के क्रम में उनके पास से एक पिस्टल, पांच गोली, 51 हजार रुपए, चार मोबाइल और एक बाइक बरामद हुई। दोनों को वाहन चेकिंग के दौरान शनिवार की रात बनौली मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। उनमें गड़हनी थाना क्षेत्र के लसाढ़ी गांव निवासी रामाकांत सिंह का बेटा रामभरत सिंह और नहसी गांव निवासी अवधेश सिंह का बेटा मृत्युंजय सिंह उर्फ सुधांशु कुमार शामिल हैं। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने जाने की बात स्वीकार की है।



एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि शनिवार की रात थानाध्यक्ष राकेश कुमार पुलिस बल के साथ बनौली मोड़ के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी पुलिस को देख बाइक सवार दो लोग भागने लगे। तब पुलिस ने दोनों को खदेड़ कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान हथियार और नगदी भी बरामद की गई। साथ ही एक बाइक भी जब्त की गई। एसपी ने बताया कि दोनों से हथियार के बारे में पूछताछ की जा रही है। साथ ही, बाइक के संबंध में जानकारी ली जा रही है। दोनों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। इधर, हथियार की बरामदगी के मामले में दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट व आपराधिक षड़यंत्र के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### छिनतई का विरोध करने पर गोली मारने वाला वांछित गिरफ्तार

आरा। जिले के चांदी थाना की पुलिस ने मारपीट और गोलीबारी के मामले में फरार वांछित को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपित स्थानीय थाना क्षेत्र के खनगांव गांव निवासी स्व. हिमालय सिंह का बेटा प्रकाश सिंह है। जिसे शनिवार की देर रात उसके घर से ही गिरफ्तार किया गया। मामले में आरोपित के भाई सहित तीन अन्य नामजद की पुलिस तलाश कर रही है। बताया जाता है कि बीते 10 अप्रैल की शाम चांदी गांव निवासी कन्हैया सिंह की दुकान से चार लोगों ने दस हजार रुपए जबरन निकाले। जिसका विरोध करने पर आरोपितों ने मारपीट और गोली मारी थी। जिसमें दुकानदार के भाई गोपाल सिंह को गोली लगी थी। पीड़ित ने मामले में खनगांव गांव निवासी प्रकाश सिंह और उसके भाई पुष्कर सिंह सहित चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

## अवैध रूप से बालू लदे दो ट्रक जब्त, दो धराए

**आरा।** भोजपुर पुलिस ने अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान के तहत अवैध बालू लदे दो ट्रकों में जब्त किया है। साथ ही, उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के दो तस्कर भी गिरफ्तार किए गए। उनमें नौनहारा थाना क्षेत्र के कियामपुर गांव निवासी भूपेंद्र यादव और खेतीपुर थाना क्षेत्र के पट्टीबधेरी खेतीपुर गांव निवासी दारोगा यादव शामिल हैं। दोनों को शनिवार की रात सिकरहट्टा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि रात करीब साढ़े दस बजे सूचना मिली कि सिकरहट्टा इलाके में अवैध बालू का खनन और परिवहन किया जा रहा है।

## अति पिछड़ों के आरक्षण की हकमारी कर रही केंद्र व राज्य सरकारः डॉ. रामबली

**आरा।** जिला मुख्यालय स्थित श्री मुनि सुब्रत नाथ दिगंबर जैन धर्मशाला में रविवार को भोजपुर अति पिछड़ा आरक्षण बचाओ संघर्ष मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधानसभा सदस्य डॉ. रामबली सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि बिहार सरकार एवं भारत सरकार के द्वारा अति पिछड़ों के आरक्षण का हकमारी की जा रही है। उन्होंने अपने वक्तव्य में पांच सूत्री मांग को रखा है। जिसमें तेली, तमोली, चौरसिया और डांगी-कोरी जाति को मूल अति पिछड़ा श्रेणी से हटाया जाए। एससी-एसटी अत्याचार निवारण कानून के तर्ज पर अति पिछड़ा अत्याचार निवारण कानून बनाया जाए ताकि अति पिछड़े वर्ग पर बढ़ रहे अत्याचार एवं बलात्कार की घटनाओं पर रोक लगायी जा सके। स्थानीय निकाय में अति पिछड़ों का आरक्षण 20 से बढ़कर 33 प्रतिशत किया जाए। वहीं, अति पिछड़ा आयोग का राष्ट्रीय स्तर पर गठन किया जाए। साथ ही, कपूरी जी को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया जाए।



इस संघर्ष को बढ़ाने के लिए रामबली सिंह चंद्रवंशी ने बिगुल फूंक दिया है। इसके तहत संघर्ष कार्यक्रम गांधी जयंती के अवसर पर कपूरी ग्राम जन्म स्थल समस्तीपुर से प्रारंभ होकर 7 अक्टूबर को जिला स्कूल मैदान में समापन का समारोह होगा।

इस अवसर पर अजय कानू ने कहा कि अब अति पिछड़ों की हकमारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुकेश चंद्रवंशी ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अति पिछड़ों को सम्मान की लड़ाई में मैं अपनी भूमिका सदैव निभाता रहूंगा।

## जहानाबाद को प्रदूषण से बचाने को लगाए गए पौधे

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार जहानाबाद की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के द्वारा लगातार 116वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन। मखदुमपुर प्रखंड के इक्किल गांव में इंजीनियर रमेश शर्मा के निजी जमीन पर किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम की शुरूआत गायत्री मंत्र के सस्वर उच्चारण एवं पौधों का पूजन कर किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित योगेश शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में प्रदूषण से पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है। इस प्रदूषण को रोकने का सबसे सरल उपाय अधिक से अधिक संख्या में पौधा लगाकर उसकी देखभाल करना है। पौधरोपण समय की मांग है। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार के द्वारा चलाये जा रहे साप्ताहिक पौधरोपण कार्यक्रम जिले को हरा भरा बनाने में सहायक सिद्ध होगा। पौधरोपण कार्यक्रम में 51 फलदार पौधे लगाये गए जिसमें आम, लीची, कटहल व आंवला के पौधे शामिल है। इस अवसर पर रंगेश कुमार, हरीजी, श्यामनारायण कुमार, कौशल कुमार, राहुल कुमार, नागेंद्र कुमार, विनोद कुमार, मंटू, राम जी, गोपीकृष्ण उपस्थित थे।









# रहें सावधान... जनपद में उत्पाती लहरों का तांडव शुरू

**केटी न्यूज/बलिया**



बैरिया तहसील क्षेत्र के उत्तरी दियरांचल के गोपालनगर टाड़ी बस्ती में घाघरा नदी उत्पाती लहरों का तांडव गुरुवार की रात से जारी है। जिससे लहरों की तेज बेग में श्रीराम यादव की रिहायसी झोपड़ी नुमा मकान नदी में समाहित हो गया। वहीं शुक्रवार को भी सरयू नदी की तेज धारा में भगवान यादव की रिहायसी मकान नदी में समा गया। घाघरा नदी का कहर को देख बस्ती में भगदड़ की स्थिति उत्पन्न है। लोग अपने-अपने घरों का सामान समेट कर अन्यत्र जाने को मजबुर होकर अपने ही आशियानों को तोड़ने के लिए हथौड़ा बरसाने लगे। बीते शुक्रवार को मैनेजर यादव, सुरेन्द्र यादव, लालपति यादव, टिजुली, पतरू यादव आदि ने अपना मकान तोड़ने में जुट गए और घरों का समान जल्दी-जल्दी में समेटने में लगे रहे।

हालांकि बाढ़ विभाग के कर्मचारी बोरियों में ईंट की टुकड़े को भर कर डाल रहे हैं। हालांकि उनका कोशिश नाकाम होता गया, लेकिन बाढ़ विभाग के कर्मचारी भी हार मानने को तैयार नहीं है। लगातार कटान से बचाव की कोशिश में जुटे हुए हैं। कटान पीड़ितों का कहना है कि कटान काफी तेज है, इतना तेज कटान इस साल कभी नहीं हुआ था। मौके पर मौजूद सहायक अभियंता अमृतलाल ने बताया कि घाघरा नदी का कटान काफी तेज है।गांव के सामने फ्लड फाइटिंग के मद से कराया गया बंबू क्रेट कार्य घाघरा नदी में विलिन हो गया है। बोल्डर डलवाने का कार्य जारी है।बाढ़ विभाग युद्ध स्तर पर कटान रोकने में लगा हुआ है। उत्तरी दीयरांचल अंतर्गत गोपालनगर प्रधान प्रतिनिधि अभिमन्यु यादव, मानगढ़ प्रधान बच्चा यादव, शिवाल प्रधान परमात्मा गोड़ आदि ने कहा कि दीयरांचल को बचाने के लिए बड़ी परियोजना की जरूरत है। अगर समय रहते बड़ी परियोजना लाकर कटान रोधी कार्य नहीं किया गया तो घाघरा नदी में पूरा दियारा समाहित हो जाएगा।

उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने कहा कि स्थिति पर पैनी नजर रखी जा रही है। कटान रोकने के लिए बाढ़ विभाग को निर्देशित किया गया है। बस्ती खाली कर देने का निर्देश पहले ही गोपालनगर टाड़ी के लोगों को दिया जा चुका है। गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है, स्थिति की समीक्षा में स्वयं कर रहा हूं। लेखपाल बाढ़ राहत केंद्र पर बना हुआ है।

## क्रांति का रूप देख कलक्टर को होना पड़ा नतमस्तक : अवलेश

**बलिया।** नगर के टाउन हाल में आइना जन जागरण समिति के सौजन्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को जदयू के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवलेश सिंह ने दीप प्रज्वलित कर शुरू किया। कार्यक्रम में बड़े बड़े साहित्यकार पत्रकार, बिद्वान वकील, कवि और वरिष्ठ डॉक्टर, क्रांतिकारियो के परिजन आदि लोगो ने भाग लिया । अवलेश सिंह ने कहा कि बलिया में क्रांति का रूप ऐसा था, जिसके सामने गांव के चौकीदार से लेकर जिले के कलक्टर तक को नतमस्तक होना पड़ा। 10 अगस्त 1942 को शुरू हुई अहिंसक क्रांति से अंग्रेजी राज के सभी गढ़ ढह गए और नौकरशाही भाग खड़ी हुई। एक के बाद एक थाने और तहसील पर तिरंगा फहरता चला गया और अंग्रेजी प्रशासन पूरी तरह से समाप्त हो गया। बलिया के लोगों ने अपने अदम्य साहस और अद्भुत शौर्य के दम पर लगभग पौने दो सौ साल से पड़ी गुलामी की बेड़ियां काट दीं और 19 अगस्त 1942 को ही स्वतंत्रता के सुप्रभात का दीदार कर लिया। जश्ने आजादी का संचालन एमए आजमी ने किया कार्यक्रम मे डॉ एम इलियास डॉ. फिरोज खान डॉ. जनार्दन राय साहित्यकार, निर्मल कुमार एडवोकेट एवं गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष, दिनेशचंद्र आर्य जो स्वतंत्रता सेनानी उमाशंकर जी के पुत्र, दिना भाई शिवजी पांडे लोक कवि, अशोक पांडेय व अन्य मौजूद रहे।

## विकास से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण



**केटी न्यूज/बलिया**

- जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सात मार्ग और विभिन्न स्थानों पर छह आरओ प्लांट का किया लोकार्पण

अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी द्वारा रविवार को गृह जनपद बलिया के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों के दृष्टिगत विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि से 84 लाख की लागत वाली परियोजनाओं का लोकार्पण किया तथा कई परियोजनाओं के आधारशिला रखी।

मंत्री ने कहा कि जनता किसी के बहकावे में ना आए, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार प्रदेश के चतुर्दिक विकास के लिए पूरी ईमानदारी से अपना काम कर रही है। भारतीय जनता पार्टी की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। सरकार जो भी वादे करती है उसे दृढ़ संकल्पित होकर पूरा भी करती है। इस इस दौरान उन्होंने 7 मार्गों का लोकार्पण और 6 विभिन्न स्थानों पर आरओ प्लांट का लोकार्पण भी किया। इस दौरान मंत्री ने वहां पर उपस्थित आम जनमानस की समस्याओं को भी सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से लोगों की समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनमानस की समस्या का समाधान करना ही शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## तीन वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे

बलिया। शहर कोतवाली पुलिस ने रविवार की दोपहर एक बजे तीन वारंटियों को मिश्र नेवरी चट्टी से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया। गिरफ्तार वारंटियों का नाम छोटेलाल राम पुत्र चांदमुनी निवासी मिश्र नेवरी, दुर्गेश राम पुत्र शिवमंगल राम निवासी मिश्र नेवरी व घूरा राम पुत्र श्यामा राम निवासी मिश्र नेवरी है। तीनों आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहे थे, रविवार की दोपहर मुखबिर से सूचना मिली कि तीनों अपने घर आया हुआ है तथा तीनों मिश्र नेवरी चट्टी के पास खड़ा है, तभी पुलिस मौके पर जाकर तीनों आरोपियों को दबोच लिया। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि तीनों के विरुद्ध कोर्ट से वारंट जारी हुआ था।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**बलिया।** चितबड़ागांव थाना पुलिस ने नरहीं मोड़ के पास से तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को रविवार की सुबह 9 बजे गिरफ्तार किया। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि प्रभारी निरीक्षक चितबड़ागांव राम सजन नागर मय हमराह हेड कांस्टेबल सत्येंद्र कुमार, कांस्टेबल अभिषेक सिंह, कार्तिकेय मिश्रा व अविनाश चौधरी नरहीं मोड़ के पास गश्त पर मौजूद थे। इसी बीच, मुखबिर खास की सूचना पर एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम सलमान उर्फ छोटे मियां पुत्र किताबूं निवासी मानपुर, थाना चितबड़ागांव बताया।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में बोले सलेमपुर के सांसद रविंद्र कुशवाहा

# अखंड भारत के सपने को साकार करने के लिए आगे आए युवावर्ग



**केटी न्यूज/बलिया**

नेहरू युवा केंद्र तथा युवा सेवा संस्थान हरिहा कलां के तत्वाधान में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए पंचप्रण विकसित भारत का निर्माण ,गुलामी की हर शौच से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता एकजुटता तथा नागरिक कर्तव्य पर एसएसबी विद्यापीठ कुसौरी कलां में छात्र-छात्राओं ने युवा संवाद प्रस्तुत किया। बहुत से छात्र छात्राओं द्वारा अपने अभिभाषण दिए गए किए गए संवाद के पूर्व कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि सांसद रविंद्र कुशवाहा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

नेहरू युवा केंद्र के लेखाकार नवीन सिंह ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया तथा प्रबंधक बृजेश यादव ने अतिथियों को सम्मानित किया। सांसद ने कहा कि जो देश अपने विरासत को नमन नहीं करता वह विकसित नहीं हो सकता। मेरी माटी मेरा देश के तहत विरासत को संभालने का संकल्प लेना है तब जाकर के भारत विकसित देश की श्रेणी में आ सकता है। देश वृहद भारत एवं अखंड भारत का सपना देख रहा है इसलिए युवावर्ग को आगे आना होगा। लेखाकार नवीन सिंह ने पंचप्रण को अपने जीवन में उतारने पर बल दिया। प्रबंधक बृजेश यादव ने आजादी के 100 वर्ष बाद भारत कैसा होगा, युवाओं को इस बात का सपना देखना आवश्यक है। विद्यालय के छात्र नीतू चौहान ने पांचप्रण को पूरा करने करने के लिए युवाओं को आगे आने पर बल दिया। नमामि गंगे के जिला कार्यक्रम अधिकारी सलभ उपाध्याय, युवा सेवा संस्थान अध्यक्ष अंकु गुप्ता, अविनाश सिंह, अनुज सिंह, राजू साह तथा संचालन अभिषेक राय ने किया।

## बलिया में आतिशबाजी के साथ मनी जश्ने आजादी, गूंजे वंदे मातरम के नारे

**बलिया।** बलिया की वह जगह जहां 19 अगस्त 1942 को आजादी की घोषणा हुई थी। उस क्षण में क्रांतिकारियों का नेतृत्व करने वाले शेरे बलिया चित्तू पांडेय को जिले का कलेक्टर घोषित किया गया। वहीं पं. महानंद मिश्र को जिले की कप्तानी सौंपी गयी। जरा याद करो बलिया क्रांति का वह दिन जब 19 अगस्त को जेल का फाटक खुला और क्रांतिकारी बाहर निकले। क्रांति मैदान में हुई सभा में बलिया की आजादी की घोषणा की गयी और 14 दिनों तक बलिया में अंग्रेजों का नहीं बल्कि कांतिकारियों का शासन चलता रहा और गुलाम भारत में बलिया आजाद



रहा। पुरानी यादों को ताजा करते हुए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह शनिवार की शाम को आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। करीब दो घंटे तक आतिशबाजी होती रही और मिठाइयां बंटती रही। इस दौरान क्रांति का मैदान लोगों से भरा रहा। जैसे लग रहा था कि दीपावली का माहौल हो।









## खबरें फटाफट

### गोलीकांड में मृत युवक के घर पहुंचे कैबिनेट मंत्री

गाजीपुर। जनपद में मरदह थाने के बसपुर गांव पहुंचे प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने गोलीकांड में मृत शिवमूरत राजभर के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। कहा कि जल्द से जल्द शेष हमलावरों को भी प्रशासन चिन्हित कर गिरफ्तार कर लेगा। इस दौरान अनिल राजभर ने कहा कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। कानून पीड़ितों की पूरी मदद करेगा। पुलिस ने संतोषजनक कार्यवाही करते हुए कुछ अपराधियों की गिरफ्तारी की। पुलिस और भी तमाम बिंदुओं पर जांच कर रही है। जल्द ही इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए शेष आरोपियों को जेल भेजने का काम करेगी। हम चाहते हैं कि गांव के सम्मानित और सामाजिक वृद्धजन प्रशासन की जांच में सहयोग करें। दुष्प्रचार पर रोक लगाएं ताकि प्रशासन को कार्रवाई करने में कहीं भी किसी प्रकार की समस्या न हो।

### शिवाजी महाराज की स्मृति में हुई गोष्ठी

**गाजीपुर।** छत्रपति शिवाजी महाराज की स्मृतियों को स्मरणीय बनाने के लिए दिव्य प्रेम सेवा मिशन द्वारा लखनऊ में 26 से 31 अक्टूबर 2023 तक ह्यजाणता राजाह्न महानाट्य का आयोजन होने वाला है। इसी कार्यक्रम को लेकर गाजीपुर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह मौजूद रहे। जिला मुख्यालय स्थित एक निजी होटल में दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार की तरफ से गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान सदस्यता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में प्रो. राकेश उपाध्याय और दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष आशीष गौतम भी मौजूद रहे।

## बोले एसपी... जल्द पकड़े जाएंगे गिरोह के अन्य तस्कर, टीम गठित

# 1.50 करोड़ की हेरोईन के साथ चार तस्कर गिरफ्तार, कार जब्त

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद में स्वाट व सर्विलांस टीम व थाना दिलदारनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने चार अंतरराज्यीय हेरोईन तस्कर को 1 किलो 500 ग्राम अवैध हेरोईन के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1.50 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। पुलिस ने इस कार्यवाही में आसाम की नंबर प्लेट लगी एक कार भी बरामद किया है। गिरफ्तार चार तस्करों में से तीन मणिपुर के रहने वाले हैं।

मामले में पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर नहर पुलिया रक्सहाँ बाईपास के पास चेकिंग के दौरान 04 अंतरराज्यीय हेरोईन तस्कर को 1:5 किग्रा नाजायज हेरोईन व एक स्विफ्ट डिजायर कार के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि वो मणिपुर से माल लेकर गाजीपुर के रहने वाले गुड्डू के यहां देते हैं। जिसके बाद उसके साथ मिलकर माल को अधिक कीमत पर अन्य राज्यों में सप्लाई करते है। गिरफ्तार तस्करों में मुस्ताक, मोहम्मद अमर खान और रकीबुर हसन मणिपुर के रहने वाले हैं जबकि मोहम्मद कैश खान उर्फ गुड्डू गाजीपुर जनपद के दिलदारनगर थाने का टॉप टेन अपराधी व हिस्ट्रीशीटर है।



■ गिरोह में शामिल तस्करों को पकड़ने के लिए छापेमारी जारी

**खंघाला जा रहा है मोबाइल सीडीआर :** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि मणिपुर के इंफाल और थोबल के रहने वाले मुस्ताक, मोहम्मद अमर खान, रकीबुर हसन सड़क मार्ग से स्विफ्ट डिजायर गाड़ी से हेरोईन की खेप गाड़ी में ऐसे ऐसे स्थानों पर रखकर लेकर आ रहे थे। जिसकी सूचना तो पुलिस को मुखबिर के जरिए मिल गई, लेकिन वह हेरोइन कहां पर रखा है उसके लिए 5 घंटे की मशक्कत के बाद कार के अलग-अलग जगहों से हेरोइन की बरामदगी हुई। हालांकि, पकड़े गए तस्करों से पूछताछ कर उनको हेरोईन देने वाला और उनके द्वार हेरोईन खरीदने वाले धंधेबाजों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया है। साथ ही, उनके मोबाइल का सीडीआर भी खंघाला जा रहा है। जल्द इस इस अंतरराज्यीय तस्कर गिरोह के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

### हादसे में युवक की मौत

गाजीपुर। जंगीपुर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। बता दें कि क्षेत्र के त्रिलोकपुर निवासी उपेंद्र यादव बाइक से खाद लेकर घर जा रहे थे। तभी बाकरचक गांव के पास किसी जानवर से टक्कर हो गई। हादसे में गंभीर रूप से जख्मी उपेंद्र यादव को आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। मौत की खबर घर वालों को मिलते ही पूरे परिवार में रुदन-क्रंदनन शुरू हो गया।

## घटिया सामग्री से बने स्कूल का छज्जा गिरा

**चंदौली।** धानापुर क्षेत्र के सोनाहुली गांव में प्राथमिक विद्यालय में बन रहे नए भवन का छज्जा रविवार को खोलते ही भा भरभरा कर गिर गया। जिसकी जानकारी होते ही ग्रामीण अक्रोशित हो गए और निर्माण कार्य को रोक दिया। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए कार्यदाई संस्था के ठिकेदार ने निर्माण कार्य में प्रयोग हो रहे सीमेंट की बोरी लेकर भाग गया। बताया जाता है कि प्राथमिक विद्यालय का भवन जर्जर हो जाने के कारण नया भवन का निर्माण कराया जा रहा है लेकिन भवन निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है की भवन निर्माण घटिया स्तर का सीमेंट, पतली सरिया, और अन्य सामग्री प्रयोग किया जा रहा है जिसकी शिकायत ठिकेदार और संबंधित अधिकारी से किया गाय था लेकिन वह मनमाने ढंग से कार्य करता रहा जिसका नतीजा यह निकलंकी 20 दिन पूर्व ढाला गया खिड़की का छज्जा भारभरा कर गिर गया। ग्रामीणों का कहना है की इस नए भवन से अच्छा तो वही पुराना भवन ही था। घटिया निर्माण के कारण इस भवन में बच्चे सुरक्षित नहीं रह पाएंगे। ग्रामीणों ने तत्काल कार्य को रोका दिया। उन्होंने बताया की छज्जा गिरते ही ठिकेदार निर्माण कार्य में प्रयोग होने वाला सीमेंट लेकर भाग गया।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने देश के विकास के लिए दिया है अहम योगदान: धर्मेंद्र तिवारी

**चंदौली।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से रविवार को मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जयंती मनाई गई। इस दौरान कांग्रेसियों ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी जी आधुनिक भारत के निमार्ता हैं।उन्होंने देश के अंदर डिजिटल इंडिया की शुरूआत की महिलाओं और शोषित पिछड़े वर्गों को सम्मान से जीने का हक दिलाया। इस देश में युवाओं को मतदान करने के लिए 18 वर्ष आयु निर्धारित किया। नवोदय विद्यालय की स्थापना कर शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाई पंचायती राज को सशक्त और मजबूत बनाने का कार्य किया। अपने अल्पकालिक कार्यकाल में भारत को विकसित बनाने का सपना जो उन्होंने देखा उसको पूर्ण करने का हर संभव प्रयास किया। इस देश की अखंडता और एकता को बनाए रखने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर देश की मजबूती के लिए अपने आप को शहीद कर दिया।






## फसलों में अत्यराधिक पेस्टी साइड के प्रयोग से ही फैल रही हैं अबीमारियां: आरपी सिंह

**चंदौली।** चहनियां क्षेत्र के रामगढ़ स्थित पंचायत भवन पर नमामि गंगे जैविक खेती परियोजना के तहत कृषि मेला व प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ों किसानों जैविक खेती से लाभ एव उत्पादों की जानकारी दी गई। एएफसी इंडिया के प्रोजेक्ट इंचार्ज आर पी सिंह ने कहा कि फसलों में अंधाधुंध पेस्टि साइड के प्रयोग से मानव शरीर में गंभीर बीमारियां फैल रही हैं। इसका एक मात्र निवारण जैविक खेती है। जैविक खेती के लिए सरकार किसानों को अनुदान एव प्रोत्साहित भी कर रही है। साथी जैविक खेती से पर्यावरण सुरक्षित रहता है। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। जिला के प्रोजेक्ट कोआडिनेटर



संजीव पांडेय ने किसानों जैविक खेती के साथ ही अधिक उत्पादन उसके लाभ व रसायनिक खाद से होने वाले नुकसान के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दिया।इस अवसर पर प्रगतिशील किसान शिवाजी सिंह, रमेश चंद्र पांडेय, बनारसी सिंह, गोपाल पांडेय, नरेंद्र, कमलेश सिंह, श्यामलाल सिंह आदि किसान उपस्थित रहे।

## घायल युवक की मौत, लोगों ने लगाया जाम

**चंदौली।** इलिया थाना क्षेत्र के चकिया इलिया मार्ग पर पतेरी मोड़ के पास बीते एक सप्ताह पूर्व दुर्घटना में घायल सरोज कुमार भारती 24 वर्ष की शनिवार की रात मौत हो गई। रविवार की सुबह ग्रामीणों ने सरोज के शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया। जिससे 4 घंटे तक आवागमन बाधित रहा। मौके पर पहुंचे एडिशनल एसपी सुखराम भारती, नायब तहसीलदार राजेंद्र यादव द्वारा ग्रामीणों की मांग को पूरा किए जाने के आश्वासन पर चक्का जाम समाप्त हुआ।

12 अगस्त की रात सरोज के पैदल घर जाते वक्त सौखरा गांव निवासी कृष्णानंद तिवारी की बाइक




से धक्का लगा था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए चंदौली स्थित एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। चार दिनों तक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसे घर वापस भेज दिया था। इसी बीच शनिवार की रात सरोज की मौत हो गई।

मौत की खबर मिलते ही ग्रामीण उग्र हो गए और चकिया-इलिया मार्ग पर मृतक के शव को रखकर चक्का जाम कर दिया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र विक्रम सिंह मौके पर पहुंच गए और परिजनों सहित ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया मगर बात नहीं बनी। ग्रामीणों ने अस्पताल के चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाया। चिकित्सक तथा मोटरसाइकिल चालक को गिरफ्तार करने, उचित मुआवजा दिए जाने व उच्चाधिकारियों के आने के बाद ही चक्का जाम समाप्त किए जाने की मांग पर अड़े रहे। एडिशनल एसपी सुखराम भारती के आने के बाद उनके आश्वासन पर 4 घंटे बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।










## बिजली आपूर्ति के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश, पहुंचे एसडीओ

# कार्यकारी संस्था के ठेकेदार को किया शोकॉज, लगाई फटकार

**केटी न्यूज/मऊ**



जनपद के मधुबन तहसील क्षेत्र के ग्रामसभा दरगाह में लोग बिजली का आपूर्ति बाधित होने से लोग काफी परेशान हैं। बीते सात दिनों से गांव की एक बड़ी आबादी बिजली समस्या से जूझ रही है। लोगों का कहना है कि एक ओर उमस भरी गर्मी और दूसरी ओर आए दिन हो रहे लोकल फॉल्ट के कारण उन्हें बिना बिजली के पूरी रात बितानी पड़ रही है। ऐसे में बिजली कंपनी के खिलाफ लोगों का आक्रोशित बढ़ता जा रहा है, जो बिल्कुल जायज है। ऐसे में अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण आक्रोशित ग्रामीण विभाग के खिलाफ सड़क पर उतरने की तैयारी कर रहे थे।

इस बीच ग्रामीणों के आक्रोश की सूचना मिलते ही विभाग के अधिकारियों में अफरा तफरी मच गयी। जिसको देखते हुए बिजली विभाग के एसडीओ, अवर अभियंता सहित विभागीय अधिकारी और कर्मचारी क्षेत्र में भ्रमण करने लगे। अधिकारियों ने गांव में पहुंचकर आक्रोशित लोगों से वार्ता कर उनकी समस्या का जल्द से जल्द निस्तारण का भरोसा दिलाया। लोगों ने विद्युत खंड अधिकारी दोहरीघाट अमित गुप्त से विस्तार से बताया। जिसके बाद एसडीओ ने कार्यकारी संस्था के ठेकेदार को बुलाया और मामले को लेकर स्पष्टीकरण मांगा। ठेकेदार द्वारा यह भरोसा दिलाया गया कि अगले 2 से 3 दिनों में गांव में केबल लगाए जाने का कार्य पूरा हो जाएगा और इसके साथ ही लोगों के सभी समस्याओं का निदान भी हो जाएगा।

**रात में आपूर्ति शुरू होते ही होने लगता है फॉल्ट :** आक्रोशित ग्रामीणों का कहना था कि जब से गांव में नंगे तारों के स्थान पर केबल लगाने का कार्य शुरू हुआ है, उनकी दिक्कतें और बढ़ गयी हैं। दिन में हो रहे काम के कारण दिन में तो बिजली कटी ही रहती है, रात में सप्लाई शुरू होते ही कहीं न कहीं फाल्ट हो जाता है। पूरी रात बिजली गायब हो जाती है। ऐसा पिछले कई दिनों से हो रहा है। ऐसे में बिजली बिल के पूरे भुगतान के बावजूद हम सबको आधी अधूरी ही बिजली मिल रही है। बताया जा रहा है कि गांव में बीते 1 सप्ताह से नंगे जर्जर तारों के स्थान पर केबल लगाए जाने का कार्य चल रहा है। हालांकि अभी कार्य पूरा नहीं हुआ है। मगर इसी बीच दो से तीन बार नए केबल भी टूट कर गिर चुके हैं। जिससे लोगों को पूरी रात बिना बिजली के रहना पड़ रहा है।

## द्वादश ज्योतिर्लिंग रुद्राभिषेक कराएगा जायसवाल समाज

**केटी न्यूज/मऊ**



जनपद मुख्यालय स्थित हनुमान घाट पर आगामी 27 अगस्त को जायसवाल समाज सेवा समिति द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंग महा रुद्राभिषेक पूजन का आयोजन किया गया है। समाज के वार्षिक श्रावणी पूजन में आयोजित यह रुद्राभिषेक पूजन नगर में अपने आप में इस तरह का पहला आयोजन होगा। आयोजन का निर्णय जायसवाल समाज सेवा समिति की बैठक में लिया गया। जायसवाल समाज सेवा समिति जिलाध्यक्ष लाल बहादुर जायसवाल के आवास पर आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया कि समाज द्वारा आयोजित होने वाले वार्षिक श्रावणी पूजन में इस वर्ष नगर के हनुमान घाट स्थित हनुमान मंदिर पर द्वादश रुद्राभिषेक पूजन अर्चन किया जाएगा।

जहां काशी के प्रकांड विद्वान आचार्य मथुरा प्रसाद शुक्ल वैदिक जी के आचार्यत्व में 11 वैदिक विद्वानों द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंग रुद्राभिषेक पूजन कराया जाएगा। इस अवसर पर पार्थिव शिवलिंग की स्थापना कर दूध, कुशा जल, गंगाजल व गन्ने के रस सहित अलग-अलग तरल पदार्थ से रुद्राभिषेक पूजन अर्चन कराया जाएगा। जानकारी देते हुए लालबहादुर जायसवाल व कैलाश चन्द जायसवाल ने बताया कि पार्थिव शिवलिंग बनाकर एक साथ द्वादश ज्योतिर्लिंग पर किया जाने वाला यह अभिषेक अपने आप में नगर में इस तरह का पहला भव्य आयोजन होगा। जिसमें नगर के समस्त जायसवाल परिवार सहित जनपद के कोने-कोने से समाज से जुड़े लोग भाग लेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से कैलाश चन्द जायसवाल, श्रीराम जायसवाल, मुन्ना जायसवाल, गौरव जयसवाल, हिमांशु जायसवाल, दीपक जायसवाल, पीयूष जायसवाल, प्रतीक जायसवाल, आशीष, कन्हैया जायसवाल इत्यादि उपस्थित रहे।

## मंदिर सेवा ट्रस्ट के 51 सदस्यों का हुआ चयन

**मऊ।** श्री शिव मंदिर सेवा ट्रस्ट रामघाट तमसा नदी मोहम्मदाबाद गोहना पर रविवार को मुक्तिपथ सेवा समिति मोहम्मदाबाद गोहना के पदाधिकारियों की एक बैठक हुई। बैठक में नगर के कई मोहल्ले के लोग उपस्थित थे। इस बैठक में सर्वसम्मत से पदाधिकारियों का चयन हुआ। जिसमें सर्वप्रथम 51 सदस्यों का चयन हुआ। उसके बाद सर्व सम्मत से मुक्तिपथ सेवा समिति के पदाधिकारियों का चयन किया। जिसमें अध्यक्ष प्रेमचंद गुप्त, महामंत्री भरत दास अग्रवाल, उपाध्यक्ष छोटकू यादव, कोषाध्यक्ष त्रिभुवन नारायण सिंह, सहमंत्री-प्रकाश जायसवाल, रामकेवल यादव, प्रदीप जायसवाल चुने गए तथा सदस्य के रूप में राजेश चौहान, अशोक चौधरी एडवोकेट, अंजनी गुप्ता, रामनारायण चौरसिया, सुभाष चंद्र सेठ, प्रिंस गुप्ता, राम जी अग्रवाल नामित हुए। संरक्षक के रूप में उमेश चंद्र सेठ चुने गए।





